

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस की नजर में विधायक मेढक, बयान की निंदा

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ भसीन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने भाजपा विधायकों को मेढक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बयान की निंदा करती है। उन्होंने कहा टुकड़े टुकड़े विभाजित कांग्रेस के नेता भाजपा के बारे में कोई टिप्पणी करने के अधिकारी नहीं हैं।

### शादाब अली सपा लोहिया संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**संवाददाता** देहरादून। समाजवादी लोहिया के संगठन की ओर से युवा समाजसेवी शादाब अली को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनित किया गया है। लोहिया संगठन के अध्यक्ष सैफ खान ने बताया कि उन्हें उपेक्षा है मोहम्मद शादाब उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में संगठन की विचारधारा को और अखिलेश यादव के किए हुए कार्यों को जनता के बीच पहुंचाने का काम करेंगे। लोकसभा चुनाव की वजह से संगठन का जो विस्तार रुका हुआ था। अब उसे तेजी के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में फैलाने का काम सभी पदाधिकारी करेंगे। उन्होंने कहा कि शादाब अली की पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उन्हे यह जिम्मेदारी दी गयी है।

### कांग्रेस ने माना कि मरीन घोटाला उनके समय का, जाँच सभी पहलुओं पर

**संवाददाता** देहरादून। मरीन रेस्टोरेंट मामले पर कांग्रेस की प्रेस वार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस ने खुद ही मान लिया है कि यह घोटाला उनके शासन काल में हुआ। जहाँ तक बोट संचालन का एनओसी न होने का सवाल है तो कांग्रेस ही बताए कि कांग्रेस सरकार ने फिर इसका निर्माण ही क्यों करवाया? भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन ने कहा कि आज कांग्रेस नेताओं द्वारा पत्रकार वार्ता में दिए गये बयानों से मरीन रेस्टोरेंट के बारे में भाजपा के आरोप स्वयं ही सिद्ध हो गए हैं।

### लाडलों को न दें मौत का खिलौनाः आरटीओ

**संवाददाता** देहरादून। आरटीओ इन दिनों स्टूडेंट आफ द गियर नामक एक विशेष अभियान चला रहा है। इसके तहत शहर के विभिन्न स्कूलों और निजी कॉलेज के बाहर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का चालान किया जा रहा है। साथ ही अभिभावकों को भी कम उम्र के बच्चों को मौत का खिलौना न देने की नसीहत दी जा रही है। कर्जन रोड स्थित एक निजी स्कूल के बाहर एआरटीओ अरविंद पांडे की मौजूदगी में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

# समरजहां हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

**कामयाबी**

राकेश गुप्ता, सीमा सिंघल, कार्तिक और मोमिन गिरफ्तार

कार्तिक और उसकी मां सीमा ने मिलकर हत्या की साजिश रची

**संवाददाता**

देहरादून। पुलिस ने देहरादून के सहस्रधारा में हुए समरजहां उर्फ रिहाना हत्याकांड का खुलासा कर दिया। इस संबंध में एसएसपी निवेदिता कुकरेती ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राकेश गुप्ता, सीमा सिंघल, कार्तिक और मोमिन को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि 2 लाख रुपए की सुपारी देकर समरजहां की हत्या करवाई गई थी। अवैध संबंधों के चलते समरजहां की हत्या हुई। राकेश गुप्ता के बेटे कार्तिक गुप्ता ने मुजफ्फरनगर के शूटरों से समरजहां की हत्या कराई थी। कार्तिक और उसकी मां सीमा ने मिलकर हत्या की साजिश रची थी।

अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी निवेदिता कुकरेती ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि समरजहां को लेकर गुप्ता परिवार में कड़वाहट बढ़ गई थी। यह कड़वाहट तब और बढ़ गई जब आठ महीने पहले राकेश गुप्ता ने समर जहां को रुड़की शिफ्ट कर दिया। वह हर मंगलवार उससे मिलने आता था और उसे मोटी रकम देता था। इस बीच पता चला कि दवा कारोबारी राकेश गुप्ता ने समरजहां के नाम देहरादून में 25 लाख रुपए का एक फ्लैट बुक करा दिया है। इसक बात पर गुप्ता परिवार में काफी झगड़ा हुआ। तब कारोबारी ने अपने बेटे कार्तिक को भी देहरादून शिफ्ट करने का फैसला किया। करीब 20 दिन पहले रेस्टोरेंट और बुटीक दोनों एक साथ खुले, लेकिन यहां समरजहां अपनी बुटीक को संभालने के साथ-साथ रेस्टोरेंट में भी दखल देने लगी। यह बात जब दवा कारोबारी की पत्नी सीमा को पता चली तो उसने समरजहां को रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया। सीमा गुप्ता के कहने के बाद कार्तिक ने मुजफ्फरनगर निवासी मोमिन से संपर्क किया। मोमिन ने शूटर से बात की और उसे लेकर छह मई को देहरादून आया। यहां कार्तिक ने उसे समरजहां का फ्लैट और बुटीक दिखाया और उसके आने-जाने की टाइमिंग भी बताई। इसके बाद सात मई की रात समरजहां की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने घटना वाली रात हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए गुप्ता परिवार पर फोकस कर दिया था। पुलिस को यह जानकारी हो गई थी कि समरजहां से रिश्ते को लेकर गुप्ता परिवार में काफी समय से कड़वाहट चल रही थी। गुप्ता परिवार के एक शख्स के बयानों में विरोधाभास आया तो पुलिस ने नए सिरे से शिकंजा कस दिया। वारदात का शिकार महिला पहले पति को तलाक देकर मुजफ्फरनगर के एक दवा कारोबारी राकेश गुप्ता के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी। कारोबारी 15 दिन पहले ही उसे यहां लेकर आया था। समरजहां खुद भी तलाकशुदा थी।



समरजहां हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी।

### पित्रोदा के बयान की निंदा की, भाजपा आज प्रदेश में धरना प्रदर्शन करेगी

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के गुरु सैम पित्रोदा द्वारा 1984 के सिख विरोधी दंगों पर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की है।

पार्टी आज उत्तराखंड में सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेगी। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के गुरु सैम पित्रोदा द्वारा 1984 के दंगों के बारे में दिया गया बयान निंदनीय है। इससे साफ है कि कांग्रेस सिख विरोधी दंगों के लिए जिम्मेदार ही नहीं थी बल्कि उसे दंगों जिनमें हजारों लोग मारे गए को लेकर कोई पछतावा भी नहीं है। श्री पित्रोदा का बयान सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने कहा कि दंगों को लेकर उस समय प्रधानमंत्री राजीव गांधी का बयान व कांग्रेस नेताओं की भूमिका जग जाहिर है। कांग्रेस ने दोषियों को बचाने की भी पूरी कोशिश की और एक आरोपी को तो मुख्यमंत्री भी बना दिया। अब भाजपा शासन में कुछ दोषियों को सजा हुई है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस की मानसिकता व सोच का परिचायक है।

### छात्र की पिटाई से हुई मौत मामले में जांच कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

**संवाददाता** देहरादून। भोगपुर स्टेट चिल्ड्रन्स होम एकेडमी स्कूल के हॉस्टल में गत 11 मार्च को 12 साल के छात्र वासु यादव की पिटाई के बाद मौत के मामले की जांच करने के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट देहरादून के जिलाधिकारी को सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट में कई अनियमितताएं सामने आई है। जिसमें चिल्ड्रंस होम एकेडमी में कब्रिस्तान और हॉस्टल अवैध पाए गए हैं। बिना अनुमति के एकेडमी का विस्तार किया गया और कर्मचारियों को बिना नियुक्ति पत्र काम कराया जा रहा है जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। प्रशासन जल्दी इन बिंदुओं पर कार्रवाई करेगा।

# बड़े अतिक्रमणों को हटाने पर शासन-प्रशासन ने साधी चुप्पी

**भेदभाव**

- बड़े अतिक्रमणों पर प्रशासन ने साध ली चुप्पी

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून। देहरादून में पिछले 12 दिनों से सड़कों और फुटपाथ से फड़, ठेली वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के साथ ही सामान जब्त किया जा रहा है। आखिर अतिक्रमण के नाम पर भेदभाव क्यों किया जा रहा है? पिछले साल जून में हाईकोर्ट के आदेश पर शहर भर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया।

सड़कों पर हुए लाल निशान लगाकर सैकड़ों की संख्या में अतिक्रमण तोड़े गए। इसमें ज्यादतर छोटे दुकानदार शामिल थे। जब बारी बड़े अतिक्रमणों की आयी तो प्रशासन ने चुप्पी साध ली।

इसी तरह से राजपुर रोड पर वाहन शो रूम की पार्किंग भी अतिक्रमण के दायरे में हैं। यही नहीं राजपुर रोड में मंथन सभागार से सटी तमाम दुकानों पर भी लाल निशान लगे हैं। सरकार की मंशा भी इनको फ्री होल्ड करने की है। ताकि राजपुर रोड के बड़े अतिक्रमण बच सकें।

शासन ने राजपुर रोड के मामले में आदेश किया हुआ है कि इनके मामलों में कार्यवाही गतिमान है। तब तक कोई कार्रवाई न की जाए। बहल चौक से ईसी रोड की तरफ जाने पर बीच-बीच में बड़े अतिक्रमण हैं। जिसमें लाल निशान लगाए हुए हैं। इन अतिक्रमणों को भी नहीं तोड़ा गया है।

**राजपुर रोड में ही 80 के करीब अतिक्रमण सिंचाई विभाग ने किए थे चिह्नित**

बड़े अतिक्रमण राजपुर रोड, ईसी रोड, कर्जन रोड में हैं। राजपुर रोड में ही 80 के करीब अतिक्रमण सिंचाई विभाग ने चिह्नित किए थे, जो जस के तस है। यहां कई प्रतिष्ठानों और कोठियों में लाल निशान आज भी लगे नजर आ रहे हैं। वहीं पिछले 12 दिनों से प्रशासन और नगर निगम फुटपाथ से फड़, ठेली वालों को हटाकर वाहवाही लूट रहा है। राजपुर रोड में सिंचाई विभाग की जमीन में होटल, शोरूम से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों का कब्जा है। कहीं पर होटल की पार्किंग तो किसी जगह होटल की दीवार नहर की जमीन पर है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**प्रयासः** **संवाददाता** देहरादून। देवभूमि उत्तराखण्ड के जैविक उत्पादों युक्त अनाजों का विभिन्न प्रकार से गढ़भोज नामक फेमिली रेस्टोरेंट में खाद्यान के रूप में संचालन किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।